दिन– मंगलवार दिनांक– 02/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के बीच उद्यमिता विकास को बल देना और समुदाय आधारित उद्यमों के विकास में तेजी लाना है। पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से संचालित इस प्रणाली से जीविका दीदियों के बैंक खाते में सीधे, तेज और अधिक पारदर्शी तरीके से धनराशि का हस्तांतरण सुनिश्चित होगा। इस अवसर पटना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मौजूद थे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान सार्वजनिक मंच से खुद के लिए अपमानजनक शब्दों के प्रयोग की कड़ी निंदा की है। आज एक कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने कहा कि जिस तरह से उनकी मां के लिए अशोभनीय और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग हुआ है, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद के मंच से उनकी उस मां को गाली दी गई, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं। श्री मोदी ने कहा कि यह सिर्फ उनकी मां का अपमान नहीं, बल्कि देश की हर मां–बहन बेटी का अपमान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे लोगों के साथ दुःख साझा कर रहें, ताकि वे इस पीड़ा को झेल सकें।

———————————————————————

राज्य सरकार ने होमगार्ड जवानों के दैनिक भत्ते को बढ़ाकर एक हजार एक सौ इक्कीस रुपया कर दिया है। पहले उन्हें सात सौ चौहत्तर रुपये मिलते थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। वहीं मंत्रिमंडल ने ग्राम कचहरी सचिवों के मानदेय में भी बढ़ोतरी के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। अब ग्राम कचहरी सचिवों को छह हजार रुपये की जगह नौ हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने

किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय, अरवल और शेखपुरा जिले में नये मेडिकल कॉलेज अस्पताल खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। इसके अलावा कैबिनेट ने अलग–अलग विभागों में तीन हजार दो सौ नये पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। कैबिनेट ने कुल उनचास एजेंडों पर स्वीकृति दी है।

———————————————————————

जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा सेक्टर में आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद सेना के जवान छोटू शर्मा का आज अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सारण जिले के बेला शर्माटोला में पूरे सम्मान के साथ किया गया। इससे पहले, शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। छोटू शर्मा तीस अगस्त की रात को आंतकियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

———————————————————————

प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अररिया जिले के सिकटी में सबसे अधिक छप्पन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है।

———————————————————————

बक्सर जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत दहीवर गांव में विषाक्त भोजन खाने से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य का इलाज चल रहा है।

———————————————————————

अररिया जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में एक महिला और उसके दो पुत्रों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ इन सभी पर पचास–पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र के चंद्र शैनपुर टोले के पास पुलिस ने एक व्यक्ति को एक पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।